टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड का एनसीआर कार्यालय, कौशांबी क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित

श्री सिपन कुमार गर्ग, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने आज टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के एनसीआर कार्यालय को उत्तर क्षेत्र-2 के अंतर्गत क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार (तृतीय) प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने एनसीआर कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

एनसीआर कार्यालय, कौशांबी को यह पुरस्कार अगरतला, त्रिपुरा में आयोजित पूर्व, पूर्वोत्तर एवं उत्तरी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में प्रदान किया गया। पुरस्कार समारोह में माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह, त्रिपुरा के माननीय मुख्यमंत्री, श्री माणिक शाह, माननीय केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, श्री बंडी संजय कुमार, त्रिपुरा के माननीय सांसद, श्री राजीव भट्टाचार्जी, माननीय सांसद, श्री बिप्लव कुमार देब, माननीय सांसद, लोकसभा, त्रिपुरा (पूर्व), प्रो. मिलन रानी जमातिया, अध्यक्ष, हिंदी विभाग, त्रिपुरा विश्वविद्यालय, डॉ बी.पी. फिलिप, अध्यक्ष, नागरी लिपि परिषद, नागालैंड, श्रीमती अंशुली आर्या, सचिव, राजभाषा विभाग ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सम्मेलन में अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं पूर्व, पूर्वोत्तर, एवं उत्तरी क्षेत्रों के केंद्र सरकार के कार्यालयों के बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को यह पुरस्कार माननीय केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, श्री बंडी संजय कुमार केकर-कमलों से प्राप्त हुआ। टीएचडीसी की ओर से श्री संदीप चैकर, महाप्रबंधक (प्रभारी) एवं श्री के. सूर्या मौली, सहायक प्रबंधक (मा.सं.), एनसीआर कार्यालय, कौशांबी ने पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर टीएचडीसी के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

20 फरवरी 2026

পূর্ব, উত্তর-পূর্ব এবং উত্তর অঞ্চলের যৌথ আঞ্চলিক রাজভাষা সম্মেলন
पूर्व, पूर्वोत्तर एवं उत्तरी क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन
20 ফেব্রুয়ারি 2026 | 20 फरवरी 2026